

# चार घंटे का धरना, आंदोलन की चेतावनी

## सैकड़ों छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में धरना देकर जताया विरोध, जमकर की नारेबाजी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 5 जनवरी। जिला मुख्यालय बैढ़न स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय एक बार फिर गंभीर सवालों के घेरे में आ गया है। छात्राओं की सुरक्षा, पढ़ाई और बुनियादी सुविधाओं को लेकर वर्षों से चली आ रही अनदेखी अब विस्फोटक स्थिति में पहुंच चुकी है। आज दिन सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में छात्राओं ने महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि हालात नहीं सुधरे तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।**

छात्राओं का सबसे गंभीर आरोप महाविद्यालय के आसपास फैली अराजकता को लेकर है। सुबह कॉलेज खुलने से लेकर दोपहर 3 बजे तक महाविद्यालय के बाहर मोटरसाइकिलों पर घूमते मनचलों का जमावड़ा लगा रहता है। छात्राओं का कहना है कि ये तथाकथित रोमियो खुलेआम फब्तियां कसते हैं. घूरते हैं और माहौल को असुरक्षित बना देते हैं।



हैरानी की बात यह है कि महज 300 मीटर की दूरी पर कोतवाली स्थित होने के बावजूद पुलिस का गश्त नाममात्र भी नहीं होता। महिला पुलिस तो दूर, साधारण भ्रमण तक नजर नहीं आता। वहीं छात्राओं ने आरोप लगाया कि पुलिस की इस लापरवाही से अराजक तत्वों के हौसले बुलंद हैं और यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई भी बड़ी घटना घट सकती है। छात्राओं ने स्पष्ट कहा कि सुरक्षा के नाम पर महाविद्यालय पूरी तरह भगवान भरोसे है। सुरक्षा के साथ-साथ पढ़ाई की स्थिति भी बदहाल है। छात्राओं ने बताया कि महाविद्यालय में स्थाई प्रोफेसरों की भारी कमी है। कई विषयों में नियमित शिक्षक ही नहीं हैं, जिससे कक्षाएं या तो लगती नहीं या औपचारिकता निभाकर छोड़ दी जाती हैं। परीक्षा नजदीक होने के बावजूद पढ़ाई की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। छात्राओं ने इसे अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया।

### कन्या महाविद्यालय में अध्यापकों का टोटा

ज्ञापन में महाविद्यालय गेट पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, परिसर में महिला सुरक्षा व्यवस्था, नियमित पुलिस गश्त, सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियों के लिए सभागार निर्माण, लंबे समय से लंबित भवन मरम्मत, पुस्तकालय में नवीन पुस्तकों की उपलब्धता, छात्राओं के आवागमन के लिए बस सुविधा और प्रभारी प्राचार्य के स्थान पर स्थाई प्राचार्य की नियुक्ति जैसी मांगें प्रमुखता से रखी गईं। मांगों को लेकर छात्राओं का गुस्सा इस कदर फूटा कि उन्होंने करीब चार घंटे तक महाविद्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान महाविद्यालय प्रबंधन, स्थानीय प्रशासन और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। छात्राओं का कहना था कि जब कन्या महाविद्यालय तक सुरक्षित नहीं रहेगा तो बेटियों की शिक्षा की बातें महज खोखले नारे साबित होंगी।

### छात्राओं ने तालाबंदी की, दी चेतावनी

धरने पर बैठी छात्राओं ने शासन-प्रशासन के खिलाफ अव्यवस्थाओं को लेकर जमकर नारेबाजी की। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की महाविद्यालय इकाई ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह ज्ञापन सिर्फऔपचारिकता नहीं है, बल्कि आखिरी चेतावनी है। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो कॉलेज परिसर में तालाबंदी कर व्यापक आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह प्रशासन और शासन की होगी। अब सवाल यह है कि क्या 300 मीटर दूर बैठी कोतवाली की नींद टूटेगी, क्या प्रशासन छात्राओं की चेतावनी को गंभीरता से लेगा या फिर किसी अप्रिय घटना के बाद ही जिम्मेदार जागेंगे, फिलहाल कन्या महाविद्यालय की छात्राएं जवाब नहीं, कार्रवाई चाहती हैं।

### इनका कहना

धरना के बारे में पहले से कोई जानकारी नही दी गई थी। जानकारी मिलते ही मैं वहां गया और छात्राओं के साथ-साथ एबीव्हीपी ने समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौपा है।

**डॉ. एमयू सिद्दिकी**
प्राचार्य, डिग्री कॉलेज, बैढ़न

# लूट के आरोपी को 7 वर्ष का कारावास

## तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश के यहां से हुआ फैसला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 5 जनवरी। देवसर स्थित न्यायालय ने लूट के एक गंभीर आपराधिक प्रकरण में महत्वपूर्ण और कड़ा निर्णय सुनाया है। तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश देवसर विजय कुमार सोनकर द्वारा घोषित फैसले में आरोपी राजकुमार जाटव को भारतीय दंड संहिता की धारा 392 सहपठित धारा 34 के अंतर्गत दोषी ठहराया गया है।**

इस संबंध में अपर लोक अभियोजक मारकण्डेय मणि त्रिपाठी ने बताया कि यह मामला 9 जनवरी 2018 का है, जब थाना सरई क्षेत्र अंतर्गत सरई बाजार में प्रात: लगभग 5 बजे फरियादी राजेश कुमार जायसवाल से 50 हजार रुपये की लूट की गई थी। अभियोजन के अनुसार आरोपी राजकुमार जाटव पिता मदनलाल उम्र 30 वर्ष ग्राम टिगरिया जिला रायसेन एवं आशिफ पिता अब्दुल कादिर जिन्सी भोपाल ने मिलकर लूट की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। प्रकरण की विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों के बयान, घटनास्थल का नक्शा, जप्ती पत्रक एवं अन्य दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। अभियोजन पक्ष ने फरियादी के परिजनों, प्रत्यक्षदर्शी, पुलिस साक्षी एवं विवेचक के बयान कराए। न्यायालय ने यह भी उल्लेख किया कि फरियादी की मृत्यु हो जाने के कारण उसका बयान न्यायालय में दर्ज नहीं हो सका, किंतु अन्य साक्ष्य प्रकरण को सिद्ध करने के लिए पर्याप्त पाए गए। दंड निर्धारण के प्रश्न पर आरोपी की ओर से इसे प्रथम अपराध बताते हुए न्यूनतम सजा का आग्रह किया गया, जबकि अभियोजन ने कठोर दंड की मांग की। दोनों पक्षों को सुनने के उपरांत न्यायालय ने आरोपी राजकुमार जाटव को 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

### एक नजर में



#### जिले के सीमांत गांव में पहुंच सांसद ने किया जन संवाद

**सिंगरौली।** सीधी-सिंगरौली लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिंगरौली विधानसभा के ग्राम पंचायत बरहपान में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने ग्रामीणजनों से आत्मीय संवाद किया तथा जरूरतमंद परिवारों को कंबल का वितरण किया। ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करते हुए सांसद ने ग्रामीणों का हालचाल जाना और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत होकर सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है और अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचाना ही जनसेवा का उद्देश्य है।

#### बैढ़न में मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण शिविर आज

**सिंगरौली।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस साप्ताहिक सेवा कार्य के अंतर्गत जनहित में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन संध्या कालीन में कल दिन मंगलवार 6 जनवरी को मिश्रा पॉली क्लीनिक एवं नर्सिंग होम बैढ़न में आयोजित होना सुनिश्चित किया गया है। उक्त शिविर में चिन्हित मोतियाबिंद मरीजों का सफलतापूर्वक नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण किया जाना प्रस्तावित है। इसके पश्चात् अगले दिवस 7 जनवरी को सुबह 10 बजे मरीजों की विदाई के समय इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली की ओर से सभी लाभार्थी मरीजों को आवश्यक सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।




# नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग की बुनियादी से 9 सौ छात्र लाभांवित

## अदाणी फाउंडेशन की आईटी ऑन व्हील्स पहल

नवभारत न्यूज

**सरई 5 जनवरी। जिले के बंधौरा स्थित महान एनर्जेन लिमिटेड परियोजना क्षेत्र में उत्थान कार्यक्रम के तहत सुदूर गांवों के शासकीय विद्यालयों में नि:शुल्क कंप्यूटर शिक्षा प्रदान की जा रही है, जिससे अब तक करीब 900 विद्यार्थियों को डिजिटल सीखने का अवसर मिला है।**

यह कार्यक्रम बंधौरा पावर प्लांट के आसपास स्थित नगवा, करसुअलाल, करसुआराजा, सुहिरा, अमिलिया, रैला और बंधौरा गांवों के आठ शासकीय विद्यालयों में संचालित किया जा रहा है। विद्यार्थियों को कंप्यूटर की मूल जानकारी, टाइपिंग, इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म और प्रेजेंटेशन स्किल्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उनमें आत्मविश्वास, तार्किक सोच और तकनीकी दक्षता विकसित हो रही है। सीएसआर के तहत शुरू की गई इस पहल की सबसे खास बात है मोबाइल कंप्यूटर वैन, जो प्रतिदिन गांव-गांव जाकर बच्चों तक शिक्षा पहुँचाती है। 35 लैपटॉप और 2 प्रशिक्षित आईटी शिक्षकों की मदद से कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को नि:शुल्क कंप्यूटर प्रोग्रामिंग की बुनियादी जानकारी दी जा रही है। प्रारंभिक चरण में कक्षा 4 से 8 तक के बच्चों को डिजिटल साक्षरता से जोड़ा गया है, ताकि वे भविष्य की शिक्षा और तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। इस पहल की सराहना करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक रामलखन शुक्ला ने कहा ग्रामीण बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की यह पहल बेहद सराहनीय है।

# सरई तहसीलदार कलेक्टोरेट दफ्तर अटैच, रीडर निलंबित

## कलेक्टर ने तहसील कार्यालय सरई का किया निरीक्षण, खनुआखास नायब तहसीलदार को भी नोटिस

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 5 जनवरी। सरई तहसील दफ्तर का आज दिन सोमवार को कलेक्टर गौरव बैनल ने औचक निरीक्षण किया। जहां राजस्व प्रकरणों में गड़बड़ी मिलने पर तहसीलदार चन्द्रशेखर मिश्रा को कलेक्ट्रोरेट ऑफिस अटैच करते हुये रीडर को निलंबित कर दिया है। वहीं फोन पर एसडीएम को भी जमकर फटकार लगाया।**



निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अधिकतम राजस्व प्रकरण कई महिनो से लंबित थे। कुछ प्रकरणो के आदेश का पालन नही किया गया था। साथ ही ऐसे भी प्रकरण थे जिन में पेशी ही नही की गई थी। जिससे प्रतीत हुआ कि कोर्ट नियमित रूप से संचालित नही हो रही है। कलेक्टर द्वारा ऐसी लापरवाही पर सख्त कार्रवाही करते हुये तहसीलदार सरई चन्द्र शेखर मिश्रा को एससीएन जारी करते हुयें कलेक्ट्रेट कार्यालय में अटैच किया गया है। वही तहसीलदार सरई के रीडर पुष्पेन्द्र द्विवेदी को निलंबित करने के निर्देशित किया।

### एसडीएम को भी फोन पर जमकर फटकारा


साथी ही फोन के माध्यम से एसडीएम अखिलेश सिंह को भी जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि 50 बार कहने के बावजूद राजस्व न्यायालय कोर्ट का निरीक्षण क्यों नहीं करते हो, 2 दिन के अंदर तहसील सरई का निरीक्षण कर प्रतिवेदन दें। कलेक्टर द्वारा तहसील सरई के वृत्त खनुआ नायब तहसीलदार कोर्ट का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित कोर्ट में भी राजस्व प्रकरणो के निराकरण में अनियमितता मिलने पर नायब तहसीलदार वृत्त खनुआ देवकरण सिंह एवं संबधित कोर्ट के रीडर लखपति सिंह को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपखण्ड अधिकारी देवसर को निर्देशित किया कि लंबित राजस्व प्रकरणो का दो दिवस में निराकरण कर कोर्ट संचालन को सुचारू रूप से संचालित कराये, ताकि राजस्व प्रकरणो का समय पर निराकरण किया जा सके।

# शुद्ध मतदाता सूची लोकतंत्र की रीढ़ है : रामनिवास

## फॉर्म -6, 7 व 8 के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर, विधायक ने नौगढ़ के शक्ति केन्द्र 45 में किया समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 5 जनवरी। शक्ति केंद्र 45, नौगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची से संबंधित फॉर्म 6, 7 एवं 8 की समीक्षा को लेकर दोपहर 2 बजे महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।**



यह बैठक सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह की विशेष उपस्थिति एवं उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को पूर्णत: त्रुटिरहित, अद्यतन और पारदर्शी बनाना रहा। विधायक ने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक पात्र नागरिकों, विशेषकर नव मतदाताओं, का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाए। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला मंत्री ज्योतिशंकर पांडेय, मंडल उपाध्यक्ष बालकृष्ण वैश्य सहित अन्य मौजूद रहे।



# 26 सूत्रीय मांगों को लेकर क्रमिक अनशन शुरू

नवभारत न्यूज

**सरई 5 जनवरी।** नगर परिषद एवं राजस्व, बिजली, पुलिस संबंधी विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरई के कार्यकर्ता थाना के सामने क्रमिक अनशन आज से शुरू कर दिया है। 26 सूत्रीय पत्र में मुख्य रूप से बिजली, सड़क व पानी के अलावा राजस्व संबंधी, शराब की अवैध बिक्री, अतिक्रमण, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाईट समेत अन्य मांग शामिल है। धरना में सुनील जायसवाल, रणबहादुर सिंह व अन्य बैठे हैं।

# माघ कृष्ण पक्ष की संकष्टी गणेश चतुर्थी आज

## पुत्र की दीर्घायु व संकट मुक्ति का पावन व्रत, रात्रि 8 :35 बजे चंद्रोदय

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 5 जनवरी। भारतीय सनातन संस्कृति में व्रत, पर्व और उत्सव केवल धार्मिक परंपराएँ नहीं हैं, बल्कि आत्मशुद्धि, संयम और ईश्वर से साक्षात्कार के सशक्त साधन माने गए हैं। इन्हीं पावन पर्वों में माघ कृष्ण पक्ष की संकष्टी गणेश चतुर्थी का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है।**



ज्योतिषविद् एवं धर्माचार्य पंडित डॉ. एनपी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर के अनुसार माघ कृष्ण पक्ष तृतीया उपरांत चतुर्थी तिथि कल दिन मंगलवार 6 जनवरी को पड़ रही है। इस दिन चंद्र उदय रात्रि 8:35 बजे होगा। शास्त्रों के अनुसार संकष्टी गणेश चतुर्थी का व्रत सूर्योदय से आरंभ होकर चंद्र दर्शन के पश्चात भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना कर पारण करने का विधान है। उन्होंने बताया कि संकष्टी शब्द का अर्थ है संकटों से मुक्ति। प्रत्येक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को संकष्टी चतुर्थी मनाई जाती है, किंतु माघ मास की संकष्टी चतुर्थी को विशेष पुण्यफलदायी माना गया है। माघ मास को तप, दान, संयम और साधना का श्रेष्ठ काल कहा गया है। इस मास में भगवान गणेश की आराधना शीघ्र फल प्रदान करती है। भगवान श्रीगणेश को सनातन धर्म में प्रथम पूज्य, विघ्नहर्ता, सिद्धि-बुद्धि और शुभता के दाता के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। किसी भी शुभ कार्य से पूर्व गणपति पूजन की परंपरा इस बात का प्रतीक है कि जीवन में सफलता के लिए विवेक, धैर्य और विनम्रता अनिवार्य है।

# नपानि क्षेत्र के पेयजल की नियमित एवं त्वरित जांच करें : सविता

## पेयजल, प्रदूषण दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ननि आयुक्त ने वार्डवार दल किया गठित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 5 जनवरी। ननि आयुक्त सविता प्रधान ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के कुछ शहरों में पेयजल प्रदूषण की दुर्घटनाएँ को संज्ञान लेकर तथा जन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुये ऐसी परिस्थितियों की पूर्व पहचान एवं उनके रोकथाम के उद्देश्य से नपानि क्षेत्रान्तर्गत पेयजल की नियमित एवं त्वरित जांच करें।**



पेयजल गुणवत्ता परीक्षण की हाइड्रोजन सल्फाइड टेस्ट किट के माध्यम से लागू करते हुये निगमायुक्त के द्वारा सहायक यंत्री जल प्रदाय मोरवा-बैढ़न मेसर्स चन्द्रा निर्माण प्राईवेट लिमिटेड को पेयजल प्रदूषण की रोकथाम के लिए निर्देशित किया कि शहर में पेयजल की प्रारंभिक बैक्टीरियोलॉजिकल जांच कर परीक्षण जल स्त्रोत, उपचारित जल एवं उपभोक्त स्तर पर किया जाए।

पेयजल परीक्षण प्रक्रिया नियमित रुप से करें। उन्होंने निर्देशित किया कि टेस्ट रजिस्टर कम्प्यूटर पर संधारित करते हुये सैम्पल की तिथि स्थान एवं परिणाम अनिवार्य रूप से उल्लेख करें। शहर के नागरिकों को पेयजल की स्वच्छता, उबाल कर पानी उपयोग करने एवं संदिग्ध जल की सूचना देने के लिए जागरुक अभियान चलाने के साथ ही निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के साथ ही लापरवाही की स्थिति में संबंधितो के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देशित किया। साथ ही निगमायुक्त के द्वारा इन्दौर नगर में हाल ही में घटित जलदूषण की गंभीर घटना को दृष्टिगत रखते हुये नपानि में पेयजल आपूर्ति एवं सीवरेज प्रणाली को पूर्णत: सुरक्षित, स्वच्छ एवं मानकों के अनुरुप संचालन के देख-रेख एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित कर 24 घण्टे कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों - कर्मचारियों की तैनाती की गई।

# सशक्त किसान, समृद्ध गांव कार्यक्रम के लिए एनसीएल ने किया एमओयू




नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 5 जनवरी। जिले के ग्रामीण अंचलों में किसानों एवं गरीब परिवारों की आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बायफ लाइवलीहुड्स एवं एनसीएल के बीच सशक्त किसान, समृद्ध गांव एकीकृत सामुदायिक विकास कार्यक्रम के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।**

यह एमओयू जिले की चार ग्राम पंचायतों, चुरकी, छतरी, चकरिया एवं बरिहावा के कुल 10 गांवों में निवासरत गरीब एवं वंचित परिवारों की आजीविका को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया है। समझौते पर बायफ लाइवलीहुड्स की ओर से डॉ. रविराज जाधव तथा एनसीएल से राजीव रंजन महाप्रबंधक ने निदेशक एनसीएल मनीष कुमार और पवन पाटीदार राज्य प्रमुख, बायफ लाइवलीहुड्स की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम के अंतर्गत जलवायु-संवेदनशील कृषि पद्धतियों को बढ़ावा, वाड़ी विकास, जल संसाधन विकास, पशुधन विकास एवं संस्थागत सुदृढ़ीकरण से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

# मेयर ने पेयजल एवं सीवरेज का किया समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 5 जनवरी। नपानि महापौर रानी अग्रवाल के द्वारा ननि क्षेत्र पेयजल सप्लाई एवं सिवरेज निर्माण कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई।**



महापौर ने निर्देशित किया कि अमृत 1 के तहत सिवरेज एवं अमृत 2 के तहत जल प्रदाय में बचे कार्यो को समय पर पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे वार्ड या कॉलोनियां जहां पर पेयजल की लाईन अभी तक नही डाली गई है, कार्य योजना तैयार कर वहां पर भी पाईप लाईन डालने की कार्रवाही करें। सिवरेज निर्माण कार्य की जानकारी लेने के पश्चात निर्माण कार्यो की समय पर पूर्ण करने के साथ ही निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त सड़को की तत्काल मरम्मत कराने के भी निर्देशित किया। बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री संतोष पाण्डेय, सहायक यंत्री अभयराज सिंह, एसएन द्विवेदी, उपयंत्री जितेंद्र, विपिन, अजय कोरी एवं सम्बंधित संविदाकार मौजूद रहे।

# पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिले : पाठक

## मंगल भवन देवसर में विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित



नवभारत न्यूज

**देवसर 5 जनवरी। आज मंगल भवन देवसर में विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक विधायक विश्वामित्र पाठक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा हुई।**

पीएचई की समीक्षा के दौरान बिगड़े हैंडपंपों का सुधार तत्परता से कराने के लिए कहा गया। नलजल का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय सीमा में पूरा करें तथा योजना पूरा होने के बाद ही पंचायत को हैंडओवर करें। जल निगम की समीक्षा में पाइप लाइन एवं टंकी निर्माण का कार्य में गुणवत्ता एवं शीघ्रता से कराने के लिए निर्देशित किया। जनपद की समीक्षा में अधिक से अधिक सामूहिक एवं हितग्राही कार्यों में पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन करने एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए कहा गया। नवीन स्वीकृत, प्रगतिरत एवं पूर्ण कार्यों की जानकारी ली गई।